Regarding compensation to families who migrated from Chhamb Sector during Kargil War and resumption of payment of compensation to people displaced due to Canal Dam in Samba Mirpur in Jammu

and Kashmir-laid

श्री जुगल किशोर **(**जम्मू**) :** माननीय मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र स्थित जम्मू अंतर्गत छंब सेक्टर में स्थित तहसील खौड़ गांव सामुआ और चपरेआल की ओर दिलाना चाहता हूँ । कारगिल युद्ध के दौरान तार लगने की वजह से इनके मकान तार के अंदर आ गए थे । लड़ाई के दौरान पाक फायरिंग की वजह से यह अपने गांव से पलायन कर गए थे । क्षेत्र के लगभग 6000 परिवारों ने अपने घरों में पुनर्वास कर लिया था उनमें से करीब 60 परिवार अपने घरों में नहीं बस पाए जिसकी वजह से ये परिवार काफी कठिनाइयो से अपना जीवन यापन कर रहे हैं । इन परिवारों को सरकार की तरफ मुआवजा नहीं दिया जाता है । मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि उन परिवारों को समय से मुआवजा दिया जाय । सम्वा मीर पुर में जो नहर बाँध आर्मी द्वारा बनाया गया है उनका मुआवजा 1972 से मिल रहा था और अभी 2012 सितम्बर से बंद पड़ा हुआ है । रक्षा मंत्रालय से निवेदन करना चाहता हूँ कि इन लोगो को दुबारा मुवावजा दिया जाए ।